# संस्कृति संचालनालय, म.प्र. शासन

1-शिवाजी नगर (रेडक्रास अस्पताल के पीछे), भोपाल-462016
फोन : 0755-2770598
Website : www.culturemp.in/Email : director-culture@mp.gov.in

## // अशासकीय सांस्कृतिक संस्थाओं को अनुदान योजना //

## वर्ष 2022-23 हेतु आवेदन आमंत्रण

संचालनालय द्वारा मध्यप्रदेश सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1973 के अंतर्गत पंजीकृत एवं संस्कृति के क्षेत्र में सक्रिय संस्थाओं से वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए वित्तीय सहायता अनुदान प्राप्त करने हेतु दिनांक 5 जनवरी, 2023 तक कार्यालयीन समय में निर्धारित प्रपत्र में, चेक लिस्ट/वांछित संलग्नकों के साथ पूर्ण रूप से भरे गये, आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

2. उक्त निर्धारित तिथि तथा समय के पश्चात् कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किये जावेगें तथा अंतिम तिथि के पश्चात्, किसी भी माध्यम से प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

3. समयावधि में प्रस्तुत आवेदनों में किसी प्रकार की अपूर्णता तथा वांछित परिशिष्ट/संलग्नक निर्धारित अनुक्रम में संलग्न नहीं पाये जाने पर, आवेदन विचार योग्य नहीं माना जावेगा।

4. संस्थाओं को सहायता, अनुदान नियमों के निर्धारित मापदण्डों और राशि की उपलब्धता के आधार पर सक्षम समिति द्वारा परीक्षणोपरान्त अनुशंसित की जावेगी। समिति की अनुशंसा पर लिया गया निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा, जिसके संबंध में कोई पत्राचार मान्य नहीं होगा।

5. पात्र संस्थाओं को स्वीकृत अनुदान राशि का भुगतान ई-भुगतान के माध्यम से किया जावेगा। अतः ई-भुगतान हेतु बैंक की सही एवं पूर्ण जानकारी निर्धारित 'बैंक ऑथोराइजेशन लेटर' (टंकित कर) में प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।

6. आवेदन-पत्र संचालक, संस्कृति संचालनालय मध्यप्रदेश, 1 शिवाजी नगर (रेडकॉस अस्पताल के पीछे), भोपाल-462016 के पते पर निर्धारित तिथि एवं समय-सीमा में भेजा/प्रस्तुत किया जाना होगा।

7. अनुदान योजना के नियम, निर्धारित आवेदन-प्रपत्र तथा चेक लिस्ट संस्कृति संचालनालय की बेबसाइट www.culturemp.in पर उपलब्ध है।

**संचालक, संस्कृति**